हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
जबलपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]



## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बाल विवाह पर व्याख्यान माला का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक सेवा पखवाड़ा के तहत महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा बाल विवाह विषय पर एक सप्ताहीय व्याख्यान माला का सफल आयोजन किया गया।इस व्याख्यान माला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा इसके उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह समाज की प्रगति में भी बाधक है। शिक्षा और जागरूकता ही इस कुप्रथा को समाप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है।₹ उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता घनश्याम मालवीय ने बाल विवाह की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामाजिक कारणों, कानूनी पहलुओं तथा बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मालवीयजी ने कहा कि ₹बाल विवाह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।

### बिजली की बचत करें

**दमुआ।** 17 नवम्बर दिन सोमवार को दमुआ बेरियर एरिया क्षेत्र में प्रधान मंत्री सूर्या घर सौर उर्जा मुफ्त बिजली योजना का कार्यालय का श्री दीपक ठाकुर जी के हस्ते फीता काटकर शुभारम्भ किया गया उक्त अवसर पर पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, प्रभाकर वासनिक मोनू साहू, भीम डेहरिया, पप्पू साहू, गुलशन डेहरिया, उमेश सोलंकी, शेख नईम, आसिफ खान, रफीक खान, सहित पत्रकार बन्धुओं में दुर्गासिंह राजपूत, हेमराज गाठे मुख्य रूप से उपस्थित थे जबकि संस्था के दमुआ कार्यालय के मैनेजर शेख नईम, सहायक मैनेजर गुलशन डेहरिया तथा संस्था के अन्य पदाधकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को स्वल्पाहार एवं चाय नास्ता भी कराया गया।

### तीन महीने के राशन वितरण में बांटा गया घटिया चावल, जांच की मांग

# आपूर्ति विभाग में अधिकारी कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुन्नारदेव पर लगे भ्रष्टाचार के सनसनीखेज आरोपों के बाद उनकी कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के नायाब तरीकों की नई - नई जानकारी सामने आ रही है। मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप चैट और ऑनलाइन रिश्वत के बाद अब गुणवत्ताहीन चांवल बंटवाकर मोटा माल कमाने का कारनामा सामने आया है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा माह जून, जुलाई एवं अगस्त के माह का एकमुश्त राशन वितरण गरीबों में कराया गया था। विकासखंड जुन्नारदेव की दर्जन भर राशन दुकानों पर गुणवत्ताहीन चांवल खपाकर एक ओर जहां खाद्य सुरक्षा का मजाक उड़ाया गया है वहीं दूसरी ओर अर्थलोलुपता की पूर्ति अधिकारियों द्वारा कर ली गई है।



#### यह है मामला

माह जून जुलाई और अगस्त के एकमुश्त राशन वितरण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुन्नारदेव रवींद्र कुमरे के प्रतिवेदन पर जिला आपूर्ति कार्यालय से जारी पत्रानुसार जुन्नारदेव विकासखंड की 12 राशन दुकानों से गुणवत्ताहीन राशन को बदलकर अच्छा चांवल बांटने हेतु ट्रांसपोर्टर को निर्देशित किया गया। बस यहीं से शुरू हुआ भ्रष्टाचार का गंदा खेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रवींद्र कुमरे द्वारा उक्त पत्र के परिपालन को निःशुल्क रूप से संपादित कराए जाने का दबाव ट्रांसपोर्टर पर बनाया गया, जिससे घबराकर ट्रांसपोर्टर से मोटी रकम की उगाही की गई वहीं मिल मालिक को भी लाखों से घाट उतारने के चर्चे विभागीय रूप से आम हो चले हैं।

#### जिला आपूर्ति अधिकारी के जारी किए हुए पत्र का उद्देश्य क्या

इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी पत्र क्रमांक 720/खा.लिपिक/02/2025 का उद्देश्य समझ से परे आ रहा है जब इस पत्र के परिपालन में कोई कार्यवाही आधिकारिक कार्यवाही संपादित हुई ही नहीं तो जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा इसका संज्ञान नहीं लिया जाना इस मामले में उनकी संदिग्धता एवं संलिप्तता की ओर इशारा करता है।

#### गुणवत्ताहीन राशन, अधिकारियों का शासन

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों से जिले में कहीं ना कहीं से गुणवत्ताहीन राशन के वितरण की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं जो कि पैक बोरियों से निकल रहा है पर कोई बड़ी कार्यवाही ना होने से जांचकर्ता अधिकारियों और गुणवत्ताहीन राशन आपूर्तिकर्ताओं की बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा करता है। वहीं चढ़ोत्तरी की आड़ में गुणवत्ताहीन राशन के लॉट के लॉट पास करा दिए जाते हैं जिससे आम जनमानस के खाद्य सुरक्षा अधिकारों का हनन किया जा रहा है, सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं का किसी प्रकार का सीधा हस्तक्षेप ना होने के कारण अधिकारी सिस्टम पर हावी हैं।



#### रिश्वतखोरी या डकैती अंतर अस्पष्ट

रवींद्र कुमरे की कार्यप्रणाली हमेशा सुर्खियों में रही है, राजगढ़ में पदस्थ रहते हुए इनकी कार्यप्रणाली हमेशा विवादित रही है, वहीं मोहखेड़ में रहते हुए भी इनपर आर्थिक शोषण के आरोप लगाए गए थे जिसपर विभागीय अधिकारियों द्वारा लीपापोती कर दी गई। पहले दुकानदारों को कानूनी कार्यवाही के लिए धमकाना बाद में मोटी रकम की उगाही करना इनकी आदत में शुमार हो चुका है अब यह समझ नहीं आ रहा है कि इसे रिश्वतखोरी की श्रेणी में रखा जाए या डकैती की उपमा दी जाए यह तो निकट भविष्य में शासन के अधिकारी ही स्पष्ट कर पाएंगे। बहरहाल इतनी शिकायतों के बाद भी इनसे फील्ड में कार्य कराया जाना वास्तव में बेशर्मी की पराकाष्ठा की ओर इशारा करता है।

#### उच्चस्तरीय जांच की मांग

इस प्रकरण की शिकायत खाद्य विभाग के आला अफसरों समेत प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ ही ईओडब्ल्यू एवं लोकायुक्त तक करी जाकर उच्चस्तरीय जांच की मांग करी गई है।

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का बिजौरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**परासिया।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजौरी विकासखंड तामिया जिला छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक गुणवत्ता तथा तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, खिरसाडोह का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यालय के लगभग सभी साइंस तथा तकनीकी रुचि रखने वाले छात्र शामिल हुए। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विभिन्न तकनीकी विभागों का अवलोकन किया तथा आधुनिक तकनीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में कंप्यूटर लैब, नेटवर्किंग सेटअप, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रक्रियाएँ, डाटा सिक्योरिटी तथा हार्डवेयर मेंटेनेंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में IT क्षेत्र में करियर की संभावनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं, जिससे छात्रों में तकनीकी शिक्षा के प्रति उत्साह देखा गया।इसके अलावा छात्रों ने इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल तथा सिविल इंजीनियरिंग विभागों का भी अवलोकन किया। विभागीय प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को मशीनरी संचालन, वर्कशॉप तकनीक, भवन निर्माण की मूलभूत प्रक्रियाएँ तथा लैब में उपयोग होने वाले उपकरणों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।



### भोले-भाले हिंदू विद्यार्थियों का किया जा रहा धर्मांतरण

# कलावा के साथ छलावा, स्कूल शिक्षिका और अधीक्षक पर लगे संगीन आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

देश में संविधान के द्वारा प्रदत्त धार्मिक अधिकारों का दुरुपयोग होता दिख रहा है। विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बिलावर कला में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय में धार्मिक स्वतंत्रता के अभिव्यक्ति के अधिकार का दुरुपयोग का एक नया मामला के सामने आने से सनसनी फैल गई है।

यह मामला इसीलिए अधिक संवेदनशील हो गया है क्योंकि इसमें स्कूल में पदस्थ शिक्षिका सीमा मैथ्यूज और उसके सहयोगी छात्रावास अधीक्षक नरेंद्र उईके की इसमें कथित तौर पर बड़ी भूमिका देखी जा रही है। इसी मामले में संस्था के प्रभारी प्राचार्य अनिल सूर्यवंशी की भूमिका को भी कथित तौर पर संदिग्ध माना जा रहा है। अपने मुख्यालय से सदैव नदारद रहने वाले यह प्रभारी प्राचार्य पालकों और विद्यार्थियों की शिकायत पर अमलीजामा ना पहनाते हुए इन शिकायतों को अपने उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित नहीं कर रहे हैं। इस मामले में जानकारी मिली है कि यहां बीते 20 वर्षों से पदस्थ शिक्षिका सीमा मैथ्यूज के द्वारा कथित तौर पर इसाई धर्म का प्रचार प्रसार किया जाता रहा है। उसके द्वारा विद्या के इस मंदिर को धर्मांतरण का अड्डा बना दिया गया है। उसके द्वारा अपने विद्यालय में पढ़ रहे भोले भाले आदिवासी विद्यार्थियों पर ईसाई धर्म को स्वीकार किए जाने का दबाव बनाया जाता था और उन्हें हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जाता रहा है।

#### दो दशक से भी ज्यादा समय से एक ही स्थान पर पदस्थ है सीमा मैथ्यूज

आदिवासी अंचल के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलावर कला के इस स्कूल में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत शिक्षिका सीमा मैथ्यूज बीते लगभग 22 वर्षों से लगातार जमी हुई है। क्षेत्र के अधिकारियों एवं राजनीतिज्ञ से साथ सांठगांठ कर उनके संरक्षण में यह अपने अनैतिक क्रियाकलाप और गतिविधियों को लगातार अंजाम देती रही हैं। बताया जा रहा है कि बिलावर कला के ग्राम वीर पठार में इन्होंने कथित तौर पर 90 फ़ीसदी हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में धर्मांतरित करवा दिया है। इस शिक्षिका के द्वारा कथित तौर पर अपने ईसाई धर्म की नीली किताब का वितरण इस क्षेत्र में हिंदू परिवारों को किया जाता रहा है और बाद में उन्हें ईसाई धर्म में शामिल कर दिया जाता है।

#### पीड़ित बच्चों ने पुलिस थाने में लगाई गुहार

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब इसी विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्यनरत अमन कुमार हनवेती और 12वीं कक्षा के छात्र ओम शिव आमरे के द्वारा स्थानीय पुलिस थाने में पहुंचकर शिक्षिका सीमा मैथ्यूज के इन अवैध क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। अपने आवेदन में इन्होंने उनके ऊपर ईसाई धर्म को अपनाने का दबाव बनाए जाने की स्पष्ट शिकायत की है। उन्होंने अपने इस आवेदन में शिक्षिका सीमा मैथ्यूज पर उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने का भी अनुरोध किया है।

#### विश्व हिंदू परिषद और कन्हान बचाओ मंच ने की शिकायत

शिक्षिका सीमा मैथ्यूज और छात्रावास अधीक्षक नरेंद्र उईके की इस कारगुजारी से हिंदू संगठन भी खासे आक्रोशित हो गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के परासिया जिला मंत्री नितेश गोलू सूर्यवंशी ने इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों को की है। इसी मामले से जुड़ी शिकायत को कन्हान बचाओ मंच के द्वारा भी प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से इस मामले में उचित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित इस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलावर कला का यह स्कूल खासा चर्चा और विवादों में रहता है। लगभग 3 वर्ष पूर्व ही यहां पर स्कूली छात्रों का यौन उत्पीड़न का एक मामले के सामने आने से जिले में सनसनी व्याप्त हो गई थी। अब इसके तुरंत बाद धर्मांतरण का यह बेहद संवेदनशील मामला आने के बाद एक बार फिर यह विद्यालय सुर्खियों में आ गया है।

#### इनका कहना है

आदिवासी क्षेत्र जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत बिलावर कला के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यहां पर शिक्षिका, छात्रावास अधीक्षक और प्राचार्य के द्वारा जबरन धर्मांतरण का घृणित कार्य किए जाने की शिकायत मिली है। इसके संदर्भ में उच्च अधिकारियों से संपर्क कर कार्रवाई का निवेदन किया जा रहा है।

**नितेश सूर्यवंशी**
जिला मंत्री,विश्व हिंदू परिषद,परासिया

## कलेक्टर कार्यालय स्थान पर बढ़ा राजनीतिक घमासान

### कांग्रेस ने दिया पांढुर्ना जिला बंद का अल्टीमेटम, कलेक्टर के आश्वासन पर टाला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

**अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के स्थान को लेकर जारी विवाद सोमवार को और तेज हो गया। दोपहर बाद कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और प्रस्तावित स्थल के विरोध में पांढुर्ना जिला बंद की सूचना दी।**

इस पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने कांग्रेस नेताओं से चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा कि कलेक्टर कार्यालय के लिए अभी कोई स्थान निश्चित नहीं किया गया है। इन्होंने बताया कि प्रशासनिक कार्यालयों की स्वीकृतियाँ मिल रही हैं तथा सभी के लिए सुविधाजनक स्थान तय करने पर विचार किया जा रहा है। कलेक्टर से हुई सकारात्मक बातचीत के बाद कांग्रेस ने पांढुर्ना बंद फिलहाल स्थगित कर दिया। इस दौरान पांढुर्ना विधायक निलेश उईके, सौंसर विधायक विजय चौरे, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव सोपान कोल्हे, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा नेहा जोगी, ब्लॉक अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर अध्यक्ष जयंत घोडे, तथा दोनों क्षेत्रों के कई वरिष्ठ कांग्रेसी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### हम पांढुर्ना की जनता के साथ खड़े: विधायक विजय चौरे

पत्रकारों से चर्चा में सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि पांढुर्ना जिले की 90 प्रतिशत जनता उचित और सुविधाजनक स्थान की मांग कर रही है। कलेक्टर कार्यालय जनता की सुविधा के लिए बनना चाहिए। कुछ चुनिंदा भाजपा नेताओं के इशारे पर इसे असुविधाजनक स्थान पर नहीं बनने देंगे। बंद हमने स्थगित किया है, लेकिन यदि प्रशासन जनता की इच्छा के विपरीत गया, तो हम लड़ाई और तेज करेंगे।

#### भाजपा नेताओं का मौन समझ से परे: विधायक निलेश उईके

पांढुर्ना विधायक निलेश उईके ने भाजपा पदाधिकारियों पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर के कई वरिष्ठ भाजपा नेता अपने आकाओं के दबाव में मौन साधे हुए हैं। इन्होंने कहा कि नागरिक अपने-अपने वार्ड के पार्षदों से पूछें कि वे कलेक्टर कार्यालय कहां बनाने के पक्ष में हैं? कृषि उपज मंडी परिसर सबसे सुविधाजनक और केंद्रित स्थान यहीं कार्यालय बनना चाहिए।

#### जरूरत पड़ी तो आंदोलन उग्र होगा : कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके

जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके ने कहा कि प्रशासन द्वारा महाराष्ट्र सीमा से मात्र 5 किमी दूरी पर कार्यालय बनाए जाने की चर्चा कई सवाल खड़े करती है। हम चाहते हैं कि पूरे जिले के लिए आवागमन आसान हो। जनता का समय और पैसा दोनों बचना चाहिए। इसलिए स्थान ऐसा चुना जाए जो सभी के लिए व्यावहारिक हो। इन्होंने स्पष्ट किया कि कलेक्टर द्वारा स्थान तय न होने की बात कही गई है, इसलिए बंद की घोषणा को जनहित में फिलहाल टाल दिया गया है, लेकिन आंदोलन रुकेगा नहीं।

## हथिनी में किया गया उन्नत कृषि यंत्र मल्चर का प्रदर्शन

### नरवाई प्रबंधन के लिए मल्चर अत्यंत उपयोगी कृषि यंत्र है: उप संचालक कृषि श्री सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड चौरई के ग्राम हथिनी के किसान श्री दिलीप सिंह चौहान के यहां आज उन्नत कृषि यंत्र मल्चर का प्रदर्शन उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह व छिंदवाड़ा कृषि वैज्ञानिकों के टीम के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह देखा गया कि छिंदवाड़ा जिले में जहां लगभग चार लाख हेक्टर में मक्का की फसल होती है, वहां पर मल्चर मक्का की नरवाई प्रबंधन के लिए बहुत ही बेहतर कृषि यंत्र है। मल्चर से मक्का की नरवाई को टुकड़े-टुकड़े में करके मिट्टी में मिला दिया जाता है, जिससे खाद के रूप में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और साथ ही नरवाई में आग लगने की समस्या से निजात मिलती है। पर्यावरण का नुकसान भी नहीं होता एवं नरवाई जलाने की कोई समस्या नहीं रहती। इसलिये जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की जाती है कि इन उन्नत कृषि यंत्रों सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, मल्चर आदि का उपयोग कर नवाई का प्रबंध करें एवं अपनी मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं ओर पर्यावरण को बचाएं।

### गौरव दिवस पर विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**दमुंआ।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमुआ में 14 नवंबर बाल दिवस व जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय में रंगा रंग प्रस्तुति दी गई।जिसमें कक्षा 6 वी,7 वी की छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ प्राचार्य श्रीमती गौरी कैलबाग द्वारा मुख्य द्वार का फीता काटकर किया गया।व छात्रों द्वारा पारंपरिक व्यजनों का स्टाल लगाया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुन्नार देव के पूर्व विधायक श्री नथनसाह कवरेती ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर, उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश बबुआ कश्यप,सभापति सोहन चौहान,वंदना मनोज दवंदे,जय मांडवा आदि उपस्थित रहे।




## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया मोहपानी विद्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

बिछुआ विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांतमिश्रा एवं संकुल प्राचार्य के के पाटील के कुशल मार्गदर्शन से शासकीय उच्चतर विद्यालय मोहपानी ने अपनी शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। पिछले कुछ वर्षों में विद्यालय ने शैक्षिक परिणामों और शैक्षिक कार्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन किया है।

विद्यालय के कक्षा 10 के परीक्षा परिणामों में लगातार सुधार देखा गया है। जहां 2021 में 100% परिणाम था, वहीं 2022 में 76%, 2023 में 91%, 2024 में 85%, और 2025 में फिर से 100% परिणाम प्राप्त हुआ है।विशेष उपलब्धियाँ:2024 में विद्यालय के एक छात्र, अंकित देवकरण उइके, को दिल्ली भारत दर्शन भ्रमण के लिए विकास खंड स्तर से चयनित किया गया। यह विद्यालय के छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है और शिक्षा के प्रति उनकी समर्पण भावना को दर्शाता है। इसके अलावा, प्रत्येक वर्ष 4 से 5 छात्रों को एकलव्य विद्यालय में कक्षा 11 में प्रवेश मिलता है, जो उनके शैक्षिक उन्नति के रास्ते को और खोलता है।विद्यालय में आदिवासी जनजाति के छात्रों की उपस्थिति लगभग 99% है, जो इस क्षेत्र के शिक्षा में प्रगति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विद्यालय ग्रामीण अंचल में स्थित है, जहां अतिरिक्त सुविधाओं का अभाव है, फिर भी शाला के शिक्षक और शिक्षिकाएँ अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से छात्रों को शैक्षिक सफलता के लिए प्रेरित करते हैं।अतिरिक्त कक्षाएं और समर्पण:विद्यालय में समय-समय पर अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाता है, ताकि छात्र अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी सही तरीके से कर सकें। इन कक्षाओं में विशेष ध्यान दिया जाता है कि हर छात्र को पर्याप्त मार्गदर्शन मिले और वे अपनी पढ़ाई में पीछे न रहें।

### ठेकेदार और अधिकारी को बांध स्थल लेकर पहुंचे विधायक बाल्मीक

# संगम पर बने बांध पर गेट लगाने का कार्य शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पेंच और सुकरी नदी के संगम पर बने बांध पर गेट लगाने का कार्य शुरू हो गया है । सोमवार को परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि ठेकेदार असलम खान और जल संसाधन विभाग के एस डी ओ विनोद डेहरिया को लेकर बांध स्थल पर पहुंचे ।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बरारिया सिरगोरी खुर्द, पगारा पंचायत के गांव मैनावाड़ी के किसानों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुकुंद शाह नर्रे के नेतृत्व में विधायक सोहनलाल वाल्मीकि से किसानो की समस्या से अवगत कराया था , कि संगम निर्मित बांध में पानी रिसाव होने के कारण इसका लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है । जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय विधायक वाल्मीकि ने जल संसाधन विभाग के एसडीओ विनोद डेहरिया एवं बांध में गेट लगाने के ठेकेदार असलम खान से बात की और तुरंत गेट लगाने को कहा । जिससे गेट बंद करने का तत्काल काम चालू हो गया । वहीं उन्होंने एसडीओ और ठेकेदार को बांध की शरारती तत्वों द्वारा की जा रही तोड़फोड़ को रोकने के लिए आगामी सिंचाई के मौसम तक चौकीदार नियुक्त करने का निर्देश भी दिया । विभाग के उपस्थित अधिकारियों ने इसकी तुरंत स्वीकृति दे दी । अब बांध की चौकीदारी ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा की जाएगी । जिससे बांध में किसी भी प्रकार की क्षति नहीं होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा । इस मौके पर ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द की सरपंच चित्रा डेहरिया , और तीनों ग्राम पंचायत के सैंकड़ों किसान उपस्थित थे । जिसमें मुख्य रूप से तोड़ेलाल यदुवंशी , आदित्य यदुवंशी , राजकुमार उइके , मानसिंग कहार , जगदीश डेहरिया सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे ।



## सुरक्षा कर्मियों को दिया हनुमान लोक में प्रशिक्षण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुविधा देना पहली जिम्मेदारी:गोपाल

# जामसांवली मंदिर में प्रसादम को मिल रहा है भारी प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक में मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर देश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई और असुविधा असुरक्षा न हो उच्च कोटि की सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसलिए निरंतर कार्य किया जा रहा है,जिसके लिए विभिन्न उपक्रमों का मंदिर ट्रस्ट कमेटी के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। हाल ही में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से नागपुर से आए रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर ने विशेष एवं उन्नत प्रशिक्षण दिया गया।

हनुमान लोक परिसर में बढती श्रद्धालूओं की संख्या एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षाकर्मियों को आधुनिक सुरक्षा तकनीकों, अनुशासन,



त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली, भीड प्रबंधन, आपातकालीन स्थिति में निर्णय क्षमता तथा धाम परिसर में संवेदनशील स्थलों की विशेष निगराजी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षक श्री तायडे ने अपने सैन्य अनुभवों के आधार बताया कि,धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा का मूल मंत्र सतर्कता और समन्वय है। जिसें सुरक्षाकर्तियों को हमेशा प्राथमिकता में रखना चाहिए।

अवसर पर मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल षर्मा, सचिव टीकाराम कारोकार, ट्रस्टी श्रीराम डवरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेन्द्र भटट,मोहन ताजने, राजू बाविस्टाले,आदि उपस्थित थे।हनुमान भक्त हरदिन ले रहे है प्रसादम का लाभचमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से जामसांवली मंदिर परिसर में बीते दिनों प्रसादम महाप्रसाद का शुभारंभ किया गया है,प्रसादम के माध्यम से श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली में आने वाले सभी भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है, मिली जानकारी के अनुसार प्रसादम को हनुमान लोक में आने वाले सभी भक्तों का भारी प्रतिसाद मिल रहा है,प्रसादम के माध्यम से मिलने वाले स्वादिष्ट भोजन के लिए हर दिन यहां पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है।

मंदिर में दर्शन के लिए दुर दराज से आने वाले ओर यहां रुकने वाले भक्तों के लिए प्रसादम अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा है,क्षेत्र के अलावा मंदिर परिसर में नागपुर, अकोला, चंद्रपुर, सिवनी, बालाघाट बैतूल, भोपाल, जबलपुर के अलावा प्रदेश और देश के कोने-कोने से हर दिन आने वाले हनुमान भक्तों की प्रसादम अब पहली पसंद बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में प्रसादम में बेरडी निवासी कैलाश सुधा ओर सुधा परिवार,पवन तायवाडे, श्रीमती लता नरेश गोयल,नैतिक विनोद जूनघरे, प्रदीप हिवरकर, अंकित सोपान चौधरी, अभ्युदय मतरे, परिवार के द्वारा एक एक दिन अन्नदान कर प्रसादम को आगे बढाने का कार्य किया है।

### इनका कहना है

प्रदेश के अलावा अब देश विदेश लिए एक धार्मिक तीर्थ स्थल के साथ शक्ति श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बन गया है,हर दिन अन्य प्रदेशों के भक्तों का मंदिर परिसर में आगमन हो रहा है, ट्रस्ट कमेटी का एकमात्र उद्देश्य है हनुमान लोक में आने वाले सभी भक्तों को सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाने को लेकर कार्य किया जा रहा है,और इसी को लेकर निरंतर मंदिर परिसर में कार्य किया जा रहा है, प्रसादम को भक्तों के द्वारा भारी प्रतिशत मिल रहा है,हनुमान लोक में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है,इसीलिए सैन्य स्तरीय प्रशिक्षण सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देगा।

गोपाल शर्मा, संस्थान अध्यक्ष हनुमान लोक

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया चौधरी का जन्मदिवस



**सौंसर।** सोमवार को पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति विजय चौधरी का ग्राम पीपला में कांग्रेस नेताओं ग्रामीणों के द्वारा धूमधाम के साथ में जन्मदिवस मनाया गया,चौधरी निवास में संपन्न हुए जन्मदिवस अवसर पर भगवान श्रीमूर्ति के पूजन के साथ विजय चौधरी के द्वारा केक काटकर जन्मदिवस मनाया, इस दौरान बड़ी संख्या में दिनभर सौसर क्षेत्र के अलावा मोहखेड़ पांढुरना, सौसर क्षेत्र के युवक कांग्रेस,एनएसयूआई, सेवादल,महिला एवं जिला वस्त्र एंप्लॉईज यूनियन नेताओ,ग्रामीनो विभिन्न संस्थाओ से जुड़े हुए पदाधिकारी ने निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पमाला पहनकर मिठाई खिलाते हुए जन्म दिवस की बधाई एवं दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की, चर्चा के दौरान पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा क्षेत्रवासियों कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं की ओर से जन्म दिवस पर मिली अनंत शुभकामनाएं बधाई के लिए सभी का मैं हृदय से आभारी हूं सबका साथ सहयोग प्रेम आशीर्वाद ऐसा ही मिलता रहे यही ईश्वर से प्रार्थना करता हु।

## उद्यमिता के क्षेत्र में छात्रों से चर्चा



**परासिया :** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में 17 नवंबर सोमवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । प्रोग्राम की अध्यक्षता एच डी पाटिल प्राचार्य द्वारा की गई । उन्होंने स्टार्टअप , इनक्यूबेशन सेंटर्स एवं उद्यमिता की महत्व को बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की । जिले के दो सफल उद्यमी नरेश पीपले और एन आई आई टी बड़कुही से राहुल राय द्वारा उनके द्वारा स्थापित इंडस्ट्रीज का उदाहरण उनकी जुबानी दिया गया । जो उपस्थित सभी विद्यार्थियों के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत रहा । कार्यक्रम में उपस्थित उमेश तिवारी जिला समन्वयक सेडमैप छिंदवाड़ा ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया । फॉरेस्ट विभाग में संचालित योजनाएं जिसमें फारेस्ट अधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा बताया गया , कि फॉरेस्ट के लोकल उत्पादों का किस तरह से उत्पादन करके बिजनेस डेवलप किया जा सकता है । साथ ही बैंक में आने वाली परेशानियों को दूर करते हुए सेंट्रल बैंक आफ इंडिया परासिया के ब्रांच मैनेजर श्री वैभव ने बैंक किस तरह से उद्यमी को सहयोग करता है , विस्तार से जानकारी दी । अंत में नितेश त्रिपाठी सी ए छिंदवाड़ा द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट किस तरह से बनाई जाए , बिजनेस कैसे बनाएं इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की । जिसे सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक सुना व अपना भविष्य स्वरोजगार में देखा । जिला उद्योग कार्यालय से सत्यम देशमुख अतिरिक्त संचालक द्वारा योजनाओं पर चर्चा की गई । लीलेंद्र वासनिक टी पी ओ द्वारा उपस्थित सभी आगंतुकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया । कार्यक्रम संचालन में सहयोग हेमन्त सोनी , मनोज सोनी , दीपक , ने किया व कार्यक्रम में आशा खलको विभागाध्यक्ष मैकेनिकल , रामटेके , जय प्रकाश , सुश्री प्रतिमा , अजय सोनी , रवि प्रकाश , आनन्द , श्रीमती लता , दुर्गा मसराम , गुडन व अन्य फैकल्टी स्टाफ की सराहनीय उपस्थिति रही ।

## कलेक्टर कार्यालय, प्रेस क्लब सौंसर ने जताया विरोध

**पांढुर्ना।** आज अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के स्थल के विरोध में तहसील प्रेस क्लब सौंसर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन देकर इस संबंध में व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की। दूसरी तरफ पांढुर्ना के कुछ नागरिकों ने कलेक्टर कार्यालय अमरावती रोड पर बनाया जाना उचित होने के पक्ष में कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया। प्रेस क्लब सौंसर के पदाधिकारियों ने कलेक्टर



से कहा कि अमरावती रोड पर प्रस्थावित स्थल पर यदि कलेक्टर कार्यालय बनता है तो उसकी सौंसर तहसील के ग्राम रामाकोना और कुछ अन्य ग्रामों से दूरी 60-65 किमी होगी। दूसरी ओर प्रस्तावित स्थान से महाराष्ट्र की बॉर्डर सिर्फ 5 किमी है इसलिए यह निर्णय अव्यावहारिक एवं जनता के लिए अत्यंत असुविधाजनक होगा। प्रेस क्लब ने सौंसरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाने की अपील कलेक्टर महोदय से की। यह मांग करनेवाले में तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजकिशोर चांडक, सलाहगार राष्ट्रपाल ढोक, सचिव गणेश हिवरकर तथा हंसराज बारस्कर एवं भूषण लाडके सदस्यगण शामिल थे। दूसरी तरफ पांढुर्ना के कुछ नागरिकगण प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय स्थल के पक्ष में सामने आए और इस आशय का ज्ञापन प्रस्तुत किया। इन्होंने लिखा कि पुरातन समय में जूना पांढुर्ना उधर ही था। यहां कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने से रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द होना संभव होगा जिसका लाभ नागरिकों को होगा। यह ज्ञापन देनेवालों में प्रशांत दाढे, पंकज नाईक, प्रदीप जुननकर, अनिल खत्री, सुनील बांबल, तुकाराम बालपांडे, शंकर बालपांडे, मुन्ना ठाकुर एवं अन्य मौजूद रहे।

## दीपावली पर्व पर जरूरतमंद हुए भण्डारे से लाभान्वित

### श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं में किया जाता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पर्व पर भण्डारे का आयोजन किया गया । जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में यह आयोजन श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर लिंगा आश्रम से इन भण्डारों की शुरुआत की गई थी और आज समापन भी यही किया गया ।

जो छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के बहुत से आदिवासी ग्रामों में सम्पन्न हुए । यह समिति की 22 वर्षो की सेवा है । पूज्य बापूजी के निर्देशानुसार प्रति वर्ष हम सब लोग जिले के गरीब आदिवासी ,



जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर उन्हें कम्बल , वस्त्र , अनाज , दीपक , तेल , बाती , सत साहित्य भोजन प्रसाद वितरण करतें हैं । यह हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा भी है । जिले के 3 लाख साधकों को सुचित किया गया था कि आपके आसपास के जरूरतमंद परिवार जनों को चिन्हित करें । साथ हीं कम से कम श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पर्व पर भण्डारे का आयोजन किया गया ।अपने समीप के 2 जरूरतमंदों की मदद कर ही दीपावली पर्व मानये । इस वर्ष हम लोगों ने अमरवाड़ा हर्रई विधानसभा क्षेत्र के बोरीमाल ग्राम के आसपास के ग्रामों , सौंसर क्षेत्र के खुनाझिर कलां , पांढुर्णा क्षेत्र के बानाबकोड़ा ग्राम , जुन्नारदेव के पातालकोट , चौरई के मुंगनापार , जम्बोड़ी पंडा , खजरीं आश्रम और लिंगा आश्रम के आसपास के जरूरतनमदो , आदिवासी क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामों के जरूरतमंदों को जरूरत की सामग्री भेंट की ।समिति ने सुविधा अनुसार बहुत से अन्य ग्रामो के जरूरत मदो को चिन्हित कर एक जगह एकत्रित किया।

सभी भण्डारों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया । जगह - जगह साध्वी रेखा बहन के भजन कीर्तन भी सम्पन्न हुए । 2 माह से जारी इन भण्डारो में लगभग 5 लाख से अधिक जरूरत मदो के लाभांवित होने की खबर है । सभी को कम्बल ,वस्त्र , मिठाई ना मिली हो पर सत साहित्य ( ऋषि प्रसाद ) और ईश्वरीय भजन ,कीर्तन सभी को उपलब्ध कराए गए ।संस्था का हमेशा यही प्रयास रहता हैं कि जिले के लगभग 1962 ग्रामो में पूज्य बापूजी के ज्ञान का सनातन संस्कृति का प्रचारप्रसार हो ।

## मेला गए परिवार के घरों में चोरों ने बोला धावा

**कटंगी।** घर को सूना छोड़कर पूरा परिवार मेले की मस्ती में मशगुल रहा और इधर चोरों ने सूने घर एक नहीं बल्कि 04 घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम पर हाथ साफ किया है। चोरी की यह सभी वारदातें एक ही रात में तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गुडरुघाट से सामने आई है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिन घरों में चोरी हुई उन घरों के सभी सदस्य पड़ोस के ही सुकड़ी टेकाड़ी घाट गांव में लगे मेले में गए हुए थे। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने सभी वारदातों को अंजाम दिया। चोरी की यह वारदातें रविवार-सोमवार की रात्रि की है। दो घरों से चोरों ने बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया है। चोरी की इन वारदातों से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। सोमवार को तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या पुलिस बल के साथ गुडरूघाट पहुंचे। शाम करीब 06 बजे तक पुलिस और एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट, जूतों के निशान, टूटे ताले और दरवाजों पर मिले मार्क्स जैसे साक्ष्य एकत्रित किए।

मिली जानकारी अनुसार अज्ञात चोरों ने शिशुपाल ठाकरे के यहां घर में घुसकर अलमारी तोड़कर करीब 2 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य बहुमूल्य सामान चोरी कर लिया। घरवालों के मुताबिक पूरा सामान बिखरा पड़ा था और चोरों ने घर के हर कोने की तलाशी ली घर में घटना के समय घर में बने हाल में शिशुपाल ठाकरे की बूढ़ी मां सोई हुई थी चोरों ने घर में पीछे के दरवाजे से प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पेशे से चिकित्सक रवि हरिनखेड़े ने बताया कि उनके घर से चोर जेवरात और 2 लाख रुपए नकद सहित कुछ सामान लेकर फरार हो गए। परिवार मेले में गया था और पूरा घर खाली था। चोरों ने गौरीशंकर बिसेन और चंदनलाल हरिनखेड़े के घर में चोरी की नाकाम कोशिश की। पुलिस का कहना है कि चोरों की वारदातों को किसी संगठित गैंग ने अंजाम दिया है जिसने मेले के दौरान गांव की गतिविधियों पर नजर रखी है।

## कोचेवाही में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



### भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही में शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कोचेवाही बाजार चौक में तोर तिरछी नजरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक विक्की पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह बिसेन, अन्य ग्रामीण नेता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण कर नमन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान और स्वाभिमान के लिए भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय संघर्ष ने देश के इतिहास को नई दिशा दी। उनकी प्रेरणा हमें न्याय, अधिकार और राष्ट्र भक्ति के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति देती है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के सदस्य और अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रतिमा के सामने बिरसा मुंडा के आदर्शों और सामाजिक योगदान को याद किया तथा उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि बिरसा मुंडा का साहस और संघर्ष आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### मैच और राजनीति में कहा नहीं जाता की कौन जीत जाए - विवेक पटेल

## एक तरफा मैच में भरवेली की टीम बनी विजेता, विधायक ने किया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोटेझरी में दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में भरवेली ने बोटेझरी को एकतरफा मैच में 30 रनों से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल कर लिया। भरवेली की ओर से 34 रन बनाने वाले सोनू गाँधी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



प्रतियोगिता के समापन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विवेक पटेल के पहुँचने पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। उस के बाद अतिथियों द्वारा खिलाडिय़ों से परिचय हासिल कर टॉस की प्रक्रिया संपन्न की गई।

टॉस जीत कर भरवेली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 7 ओवर में 7 विकेट खोकर 73 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोटेझरी टीम के खिलाडिय़ों की शुरुआत बहुत ही खराब रही और लगातार विकेट गिरते रहे। कुछ बल्लेबाजों ने रन की गति को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, मगर वे भी सफल नहीं हो पाए और 7 ओवर में 43 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई।

विधायक विवेक पटेल व प्रहलाद बिसेन द्वारा भरवेली की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाडी सोनू गाँधी को मैच ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। वही सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले निखिल पारधी को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। विजेता टीम भरवेली को 15 हजार रूपये और ट्राफी से सम्मानित किया गया।

खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि खिलाड़ी वह होता हैं, जो मैदान में अपना हुनर दिखाए, खिलाड़ी हमेशा अपने बल्लों से रन बनाकर सभी को खुश करता हैं। जब तक मैच में आखिरी बॉल फेकी नहीं जाती, हार-जीत बताना संभव नहीं होता हैं। हम प्रयास कर रहे है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक खेलने जाए और अपने माता-पिता का नाम रोशन करे, क्रिकेट अनिश्चितओं का खेल है। क्रिकेट हमारे भारत का सबसे लोकप्रिय खेल हैं, भारत में सबसे ज्यादा क्रिकेट ही खेला जाता हैं, मैच वहीं टीम जीतती है, जो विकेट बचाकर अंतिम तक खेलती हैं। जब भी कमजोर बॉल आती हैं, जरूर बाउंड्री क्रास करती है। जो खिलाड़ी पिच पर खड़े रहकर और मैदान पर कैच पकड़ता है, उस टीम को जीत जरूर मिलती है। खिलाडिय़ों को जब भी मेरी जरूरत लगे, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।

### भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर डाला प्रकाश

## आदिवासी समुदाय ने मनाई बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती



हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के सालेटेकरी रोड स्थित मंडई टेकरी कोटेश्वर मार्ग पर आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाई गई। इस दौरान समुदाय के लोगों द्वारा सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद आदिवासी भाईयों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवनकाल के बारे में बारी-बारी से अपने उदबोधन दिये। कार्यक्रम के दौरान गोंडवाना भवन में उपस्थित आदिवासी समुदाय के लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया तथा स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है की जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी और उपनिवेशवाद विरोधी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस (जनजातीय गौरव) मनाया जाता है। बिरसा मुंडा का जन्म 1874 में हुआ था। वर्ष 2024-25 को उनके जन्म के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में दीनू उईके अध्यक्ष, टुमन घोरमारे, धनीराम इनवाती, महेश घोरमारे, अतुल हनौते, राधेश्याम नारनौरे, मुन्नालाल मलगाम, ऋषिकेश घोरमारे, अमोलसिंह धुर्वे, अशोक मर्सकोले, संदीप वाघाड़े, संजय धारने, समल मसराम, मुन्नालाल मलगाम, संजय कुमार धारणे, संजय रायसिंह सैयाम सहित अन्य आदिवासी समुदाय के सम्मानीय सदस्य मौजूद रहे।

### आंदोलन की तैयारी में गन्ना उत्पादक किसान

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक के फैसले से नाराज किसान

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विगत दिवस 30 अक्टूबर को जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई है। इस बैठक में लघु, मध्यम और वृद्ध सिंचाई परियोजनाओं में पानी की



उपलब्धता के आधार पर रबी की प्रमुख फसलों की सिंचाई के लिए पानी आंवटित करना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी रबी के सीजन में धान की फसल की सिंचाई के लिए पानी दिया जाना संभव नहीं है केवल गेहूं, चना, उड़द, सूरजमुखी और कुसुम फसलों को ही पानी दिया जाएगा। जैसे ही यह जानकारी सामने आई है बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के करीब 20 से अधिक गांवों के गन्ना उत्पादक किसानों में हड़कंप मच गया है। दरअसल, पठार अंचल के किसान प्रमुख तौर पर गन्ना और धान की फसल का उत्पादन करते हैं। इन किसानों को दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध से पानी मिलता है। अगर, इस रबी के सीजन में गन्ने की फसल को पानी नहीं मिल पाया तो किसानों को भारी नुकसान होगा। पठार अंचल के किसान इस बात को लेकर बेहद चिंतित है कि उन्हें गन्ने की फसल के लिए पानी मिलेगा या नहीं। अपनी इसी चिंता को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से जवाब मांगने के लिए पठार अंचल के किसान आगामी 27 नवंबर को बोनकट्टा में एक विशाल बैठक करने की तैयारी में है जिसके चलते सोशल मीडिया के जरिए किसानों तक यह जानकारी पहुंचाई जा रही है। पठार संघर्ष समिति और किसान संगठन इस बैठक में शामिल होगें।

राजीव सागर बांध पठार अंचल के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है। यहां के कई गांव जहां कभी किसान अपनी जमीन को बंजर छोड़ दिया करते थे वहीं किसान आज गन्ना उत्पादन कर हर साल मोटा मुनाफा कमा रहे है। लेकिन अब जब समिति ने रबी के सीजन में केवल हल्की फसलों की सिंचाई के लिए ही पानी देने का निर्णय लिया है तो किसान परेशान हो गए है। बैठक में किसानों को गेहूं, चना जैसी फसलें लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की बात तय हुई है। इन फसलों को पकाने में कम पानी लगता है जब पठार अंचल के किसानों से पूछा गया कि वह रबी में गन्ने और धान की बजाए गेहूं और चना का उत्पादन क्यों नहीं कर रहे है तो उन्होंने इसके पीछे दो प्रमुख तर्क है-पहला पठार अंचल की भूमि में गेहूं और चना का उत्पादन करना संभव नहीं है। दूसरा उनके खेत वन क्षेत्र से लगे हुए है। जहां आए दिन खेतों में वन्य प्राणी फसलों को नुकसान पहुंचाते है। अगर, चना और गेहूं की फसल का उत्पादन करने जाएगें तो पहले ही दिन बंदर और जंगली सुअर खेतों से बीज की खुदाई कर खा डालेगें।

## टीन की चपेट में आया ढाई वर्ष का मासूम



### जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने किए हाथ खड़े, नागपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चिकमारा में एक ढाई वर्षीय मासूम बालक के साथ दिल दहला देने वाली घटना हुई है। घर पर ही यह मासूम बालक टीन की चपेट में आ गया। जिससे उसके गाल और कनपटी का हिस्सा बुरी तरह से कट गया है। घटना सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास की है। प्राप्त जानकारी अनुसार चिकमारा निवासी त्रिवेद पटले का ढाई वर्षीय पुत्र धैर्य घर पर ही टीन की चपेट में आ गया। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। पूरा परिवार खेत गया था ऐसी जानकारी मिली है। घटना के बाद सबसे पहले चाचा ने धैर्य को देखा और संजीवनी 108 को कॉल किया। ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट दिलीप उइके घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने घायल को सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया। यहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद बालक को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया। धैर्य की हालत को देखते हुए बालाघाट जिला अस्पताल में भी चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए और बेहतर उपचार के लिए उसे नागपुर रेफर कर दिया है। परिजन शाम साढ़े 04 बजे घायल को नागपुर लेकर गए है। हादसा कैसा हुआ फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# धूमा वन परिक्षेत्र में उपेक्षा की पराकाष्ठा बीट धूमा की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन?

**लखनादौन संवाददाता मुकेश साहू, सिवनी। जिले के धूमा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बीट धूमा की स्थिति इन दिनों सवालों के कटघरे में खड़ी है। लाखों रुपये के सरकारी बजट के बावजूद बीट की हालत बद से बदतर होती जा रही है।**

डिप्टी रेंजर और नाकेदार की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है, जिससे स्पष्ट होता है कि जिम्मेदार अधिकारी वर्षों से सिर्फ आराम फरमा रहे हैं, जबकि बीट की सुरक्षा, देखरेख और निरीक्षण की स्थिति जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देती। सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपये का प्रावधान करती है ताकि सागौन सहित अन्य मूल्यवान वन संपदा की रक्षा, अवैध कटाई पर नियंत्रण और संरक्षित वन क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। लेकिन बीट धूमा की जमीनी हकीकत बताती है कि इन फंडों का लाभ जंगल तक पहुंच ही नहीं पा रहा। क्षेत्र में फैली अव्यवस्था, सूनी चौकियां, अनुपस्थित कर्मचारी और बढ़ती अवैध गतिविधियाँ इस बात के प्रमाण हैं कि जिम्मेदार अधिकारी सिस्टम को सिर्फ कागज़ों पर चला रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों का कहना है कि डिप्टी रेंजर और नाकेदार महीनों तक अपने बीट क्षेत्र का निरीक्षण तक नहीं करते। कई बार शिकायतें सामने आईं कि बीट के कर्मचारी बिना फील्ड विजिट किए, वन सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। सवाल यह उठता है कि जब फील्ड कर्मचारी ही अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर नहीं, तो जंगल सुरक्षित कैसे रहेंगे? सबसे गंभीर बात यह है कि नाकेदार कई वर्षों से इसी जगह पदस्थ है, जो नियमों की सीधी अवहेलना है। वन विभाग के तबादला नियम बताते हैं कि एक स्थान पर लम्बे समय तक पदस्थ रहना पारदर्शिता को प्रभावित करता है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी इस पर भी आंखें मूंदे बैठे हैं। क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है? यह स्वयं में जांच का विषय है। वन विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर जाकर स्थिति का आकलन नहीं करते। यदि करते, तो बीट की मौजूदा बदहाल स्थिति उनके संज्ञान में अवश्य आती। सवाल ये भी है कि क्या वरिष्ठ अधिकारियों को इन अव्यवस्थाओं के बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ता? या फिर वे भी हर समस्या पर सिर्फ ₹अनदेखी₹ की नीति अपना चुके हैं? धूमा बीट की दुर्दशा आज एक चेतावनी है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो सागौन सहित बहुमूल्य वन संपदा पूरी तरह असुरक्षित हो जाएगी। अवैध कटाई, तस्करी और जंगल की लूट रोकने के लिए सिर्फ सरकारी फंड जारी कर देना पर्याप्त नहीं जिम्मेदारी, निरीक्षण और जवाबदेही को भी उतनी ही प्राथमिकता देनी होगी। अब सबकी निगाहें वरिष्ठ अधिकारियों पर हैं कि क्या वे इस घोर लापरवाही पर त्वरित संज्ञान लेकर जांच बैठाते हैं, या बीट धूमा की स्थिति यूं ही बदहाली के अंधेरे में डूबी रहती है। जनता यह सवाल पूछ रही है — आखिर धूमा वन परिक्षेत्र में वन सुरक्षा के नाम पर हो क्या रहा है और उसके असली जिम्मेदार कौन हैं।




## खबर संक्षेप

### दुर्घटनाओं की स्थिति में बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर तकनीक पर डायल 112 के स्टॉफ को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस नियंत्रण कक्ष सिवनी द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व उपनिरीक्षक अजीत पटेल के द्वारा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, दुर्घटनाओं आदि की स्थितियों में घायल हुए व्यक्तियों की जीवन को सुरक्षित करने व 108 एम्बुलेंस सेवा अथवा चिकित्सालय पहुंचने के बीच लगने वाले समय के बीच क्या करें, क्या न करें और प्राथमिक उपचार के साथ साथ बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम के तहत सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के संबंध में डायल 112 में तैनात पुलिस बल व पायलेट्स को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही उक्त तकनीक पर अभ्यास भी कराया गया।

प्रशिक्षण में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी से डॉ. मोना भलावी, डॉ. तनु बंदवार, डॉ. पवन राहंगडाले, डॉ. शुभम राय, डॉ. मुस्कान गौतम, डॉ. मेघा सिंहा, डॉ. मुस्कान भारद्वाज द्वारा संबोधित किया गया। साथ ही घायल व्यक्तियों की जीवन सुरक्षा हेतू फस्र्ट रिस्पॉन्डर के रूप में गोल्डन हॉर्स (शुरुवाती घंटे) में संवेदनशीलता और आपात स्थिति में बुद्धिमता और कार्यकुशलता से किस प्रकार कार्य करें,हेतू जानकारी दी गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण में 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन शोक संतप्त परिवारजनों के बीच पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने शोक-संतप्त परिवार जनों के बीच पहुंचकर संवेदना व्यक्त किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम ढाना, जुरतुरा, मोठार, जुझारपुर, बांकी एवं दुकली आदि ग्रामों का दौरा किया। तथा निवासरत विभिन्न शोक-संतप्त परिवार जनों के बीच पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त किया। इस अलावा आपने क्षेत्र के ग्रामीण जनों से भी मुलाकात किया।

### एसपी ने बालिकाओं पर हो रहे अपराध एवं बचने के तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल बादलपार में छात्र-छात्राओं को नाबालिक बालिकाओं पर हो रहे अपराध एवं उनसे बचने के तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य लापता बच्चों का पता लगाना, उन्हें बचाना और उन्हें उनके परिवारों से फिर से मिलाना। बच्चों को शोषणकारी और खतरनाक परिस्थितियों से बचाना। बाल संरक्षण गतिविधियों को अन्य कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करना। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने छात्र-छात्राओं से मोबाइल द्वारा हो रहे अपराधों के बारे में चर्चा की एवं उनको कैरियर के संबंध में दिशा निर्देश दिए, साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक अभियान के दौरान सिवनी जिले में 21 नाबालिक बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर चुके हैं । इस अवसर पर sdop बरघाट ललित गठरे,थाना प्रभारी कुरई के.एस.टेकाम,महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर,चौकी प्रभारी आर.एस.राजपूत उपस्थित रहे ।

## मेला में जेवरात चोरी करने वाला चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

केवलारी- तहसील क्षेत्रांतर्गत उगली थाना क्षेत्र में बेनगंगा नदी और हिर्री नदी के संगम तट पर प्रतिवर्ष लगने वाले दश दिवासीय मेले में चोरी की घटना हमेशा घटित होने की चर्चा आम होती है, जेबकतरों एवं जेबरात चोर गिरोह बाहर से आकर चोरी करता है।

इस बर्ष भी दिनांक 7 /11 /2025 से 17/ 11/ 2025 तक लगने वाले हिर्री संगम मेले में दिनांक 16/ 11/2025 को कान्हान नागपुर महाराष्ट्र का चोर गिरोह के द्वारा मेला घूमने आई महिला के गले से मंगलसूत्र निकाल कर साथियों के साथ वेगनआर कार क्रमांक एमएच 40 जीएक्स- 1190 में बैठकर भागने के प्रयास में भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के सुपूर्द किया। पुलिस थाना प्रभारी सदानंद गोदावरे के द्वारा पूछताछ करने पर पकडी गई महिलाओं के पास से झपट में टूटा हुआ मंगलसूत्र बरामद कर, थाना ले जाकर पूछताछ करने पर चोर गिरोह के पास से एक सोने की मणि, सोने का पेंडल बाला मंगलसूत्र कीमत एक लाख का बरामद कर जब्ती की गयी।



पकडी गई महिलाओं में इंदू पति अब्बास उम्र 35 साल जाति महार, मनी शेंडे पति विदेश शेंडे उम्र 30 साल, सरिता उर्फ सली पति रूपेशगायकवाड उम्र 30 साल, कुसुम( सुमन) पति अनिल गायकबाड 45 साल , अब्बास पिता अशोक खड्से उम्र 40 साल सभी निवासी एमजी नगर कन्हान थाना जिला नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर इन पांचो आरोपियों को अपराध क्रमांक 228/ 25 धारा 304-(2)61 -(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

## आज से दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन

### भारतीय ज्ञान परंपरा की थीम पर आधारित होगा युवा उत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उच्च शिक्षा विभाग में वर्ष 1985 से निरंतर आयोजित हो रहा युवा उत्सव इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में जोर-शोर से मनाया जा रहा है. सिवनी के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में 18 और 19 नवंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन होगा. इसमें जिले भर के सभी शासकीय और प्राइवेट कॉलेजों के प्रतिभागी छात्र-छात्रा बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे.

मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे और स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग और जिला नोडल अधिकारी डॉ. सविता मसीह के मार्गदर्शन में लगभग 22 विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा. आज, युवा उत्सव के पहले दिन रूपांकन, साहित्यिक और गायन और वादन वर्ग की प्रतियोगितां आयोजित होंगी जबकि कल यानि दूसरे दिन लोक नृत्य , नाटक, मिमिक्री और स्किट के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. प्रोफेसर शेन्डे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग का 41 वाँ युवा उत्सव भारतीय ज्ञान परंपरा की थीम पर आधारित होगा. बताया कि कॉलेज की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य करेंगे।

युवा उत्सव कोर कमेटी के डॉ. श्यामसिंह राहंगडाले, डॉ. रामकुमार नायक, डॉ राकेश चौरासे सहित नोडल अधिकारी डॉ. सविता मसीह ने जिले के सभी कॉलेजों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं से प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लेने का आग्रह किया है. सभी विधाओं में जिला स्तरीय प्रथम विजेताओं को विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य डॉक्टर रविशंकर नाग ने जिले के प्रबुद्ध जन तथा संगीत कला प्रेमियों से भी युवा उत्सव के आयोजन में शामिल होकर छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाने का अनुरोध किया है।

### कुरईः कुरई वन परिक्षेत्र में बड़ी कार्रवाईः अवैध लकड़ी से भरा ट्रक जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

सिवनी के कुरई वन परिक्षेत्र के आगरी बीट में वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लोड थी। सोमवार को वन विभाग की टीम ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, वन विभाग की गश्ती टीम को देर रात संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी।

## बड़ी करवाईः एसडीओ-रेंजर समेत 16 अफसरों पर रातोंरात एफआईआर, मचा हडक़ंप

**सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहरई में स्थित प्राचीन मंदिर में तोड़ फोड़ के आरोप मामले में पुलिस ने मप्र राज्य वन विकास लि. बरघाट परियोजना मंडल के एसडीओ, रेंजर, नाकेदार समेत 16 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया है।**

बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहरई वन डिपो के पास स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर में तोडफ़ोड़ का आरोप लगाते हुए विश्व हिन्दू परिषद सहित अन्य हिन्दू संगठन ने विरोध जताया था। देर रात तक संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण थाना में डटे रहे। आरोप है कि मप्र राज्य वन विकास लि. बरघाट परियोजना मंडल के अधिकारियों ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मंदिर में तोडफ़ोड़ की। ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ माह से मंदिर परिसर में एक बाबाजी निवास कर रहे थे। आरोप है कि 14 नवंबर को वन विभाग के एसडीओ अनिल क्षत्रिय, रेंजर दिनेश झारिया, रवि गेडाम, पिचले, शैलेन्द्र परते, डिप्टी रेंजर सहित नाकेदारों व चौकीदारों की टीम मंदिर पहुंची और पूजन सहित मंदिर की सामग्री अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही पुजारी को अभिरक्षा में ले लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने न तो राजस्व विभाग को सूचना दी और न ही पुलिस को अवगत कराया। मौके पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज के भी आरोप लगाए गए हैं। मंदिर में तोडफ़ोड़ के आरोप को लेकर पुलिस ने मप्र राज्य वन विभाग लि. बरघाट परियोजना मंडल के एसडीओ अनिल क्षत्रिय, रेंजर दिनेश झारिया, रवि गेडाम, पिचले, शैलेन्द्र परते, डिप्टी रेंजर, नाकेदार, चौकीदार समेत विभाग के 16 लोगों पर बीएनएस सहित अन्य धारा में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कमल मर्सकोले मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को फटकार लगाई। कहा कि बिना विभागीय समन्वय और धार्मिक सम्मान का ध्यान रखे कार्रवाई करना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने मंदिर को पूर्व स्थिति में बहाल करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। घटना से नाराज विहिप सहित अन्य संगठनों ने बरघाट थाना प्रभारी को जापन सौंपा और संबंधित वन अधिकारियों, कर्मचारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

### निलंबन की कार्रवाई का भेजा है प्रस्ताव

बरघाट परियोजना मंडल के संभागीय प्रबंधक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शुकवार को ही क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक, जबलपुर को एसडीओ अनिल क्षत्रिय, रेंजर रवि गेडाम, दिनेश झारिया को निलंबित करने की कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा है। हालांकि शनिवार को इस संबंध में कोई आदेश शाम तक नहीं आया था। संभागीय प्रबंधक ने पत्र में लिखा है कि तीनों ने बल पूर्वक बिना किसी वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाए बिना बेहरई परिक्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाए जाने की अवैध कार्रवाई की है।

## कलेक्टर ने शासकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### बच्चों से किया आत्मीय संवाद

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान शासकीय स्कूल ढेंकी एवं तिघरा का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुँचकर उन्होंने कक्षाओं में जाकर शैक्षिक गतिविधियों की स्थिति जानी और बच्चों से आत्मीय संवाद किया।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कलेक्टर ने बच्चों से भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, उनकी रुचियाँ क्या हैं और किस विषय में अधिक रूचि लेते हैं जैसे प्रश्न पूछकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी दौरान उन्होंने पाठ्य पुस्तक के अध्याय को पढ़ाकर बच्चों की समझ और सीखने की क्षमता का भी अवलोकन किया।

श्रीमती पटले ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं विद्यालय का शिक्षाकर्मी उपस्थित रहा।





### इधर, कलेक्टर ने किया सिवनी विकासखण्ड के ग्रामों का औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को सिवनी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम लोनिया, ढेंकी, तिघरा, पुसेरा तथा मारबोड़ी में पहुँचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्ति, सही मैपिंग तथा रिकॉर्ड के डिजिटलाइजेशन की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्रीमती पटले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने बीएलओ को सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य मैदानी अमले का समन्वय के साथ सहयोग लेते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा में तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से मतदाताओं की शुद्ध मैपिंग तथा डिजिटलाइजेशन की गति बढ़ाने पर जोर दिया।निरीक्षण के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देखमुख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक सप्ताह के भीतर कोतवाली पुलिस ने किया दूसरी अपहता को दस्तयाब

## एक सप्ताह के भीतर कोतवाली पुलिस ने किया दूसरी अपहता को दस्तयाब

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, अनुविबागीय अधिकारी पुलिस महोदया श्रीमती श्रृद्धा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगातार दस्तयाब किया जा रहा हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04/11/2025 को फरियादी अपहता की पिता द्वारा नाबालिग लडक़ी उम्र 17 वर्ष 6 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले गया है कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अधीन अपराध पंजीबध्द किया जाकर तत्काल अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर संभावित स्थानों पर अपहता की तलाश पतासाजी की गई। गवाहों एवं संदिग्धों से संघनता से पूछताछ विस्तृत कथन लेखबध्द किये गये एवं तकनीकी सहायता से संभावित स्थानों पर टीम भेजकर अपहता की पता तलाश की गई। जिला नागपुर महाराष्ट्र के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, अंततः अपहता का पता नागपुर प्लेटफार्म में होना पाया गया जिसकी पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अपहता की संभावित जगह पर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपहता की वास्तविक लोकेशन पर पहुँचे जहां पर अपहता को दस्तयाब किया गया जो पूछताछ पर आये तथ्यों के अनुसार पाया गया की दिनांक 09/11/2025 को अपहता को नागपुर से दस्तयाब किया गया जिसने पूछताछ पर आरोपी रमाकांत बंजारा निवासी समनापुर बखारी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर नागपुर, पूणे, मुम्बई, हैदराबाद ले जाना बताने पर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत पर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी - रमाकांत उर्फ गुन्डू बंजारा पिता मेहताब बंजारा उम्र 19 वर्ष निवासी समनापुर माल थाना बंडोल जिला सिवनी।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सतीश तिवारी उनि दयाराम शरणागत, राहुल काकोडिया,,प्र.आर. मनोज पाल, सौरभ ठाकुर, सिध्दार्थ म.आर. दीपाली बघेल की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## एग्रीकल्चर की छात्राओं का भविष्य अति उत्तम - सुधीर धुर्वे

**कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में RAWE की छात्राओं को उपसंचालक कृषि द्वारा मार्गदर्शन एवं उद्बोधन दिया गया**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के उपसंचालक कृषि श्री सुधीर धुर्वे जी ने मध्य प्रदेश की कृषि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही कृषि क्षेत्र में वर्तमान में खेती की महत्वपूर्ण कार्यों की उपयोगी जानकारी प्रदान की एवं छात्राओं में भविष्य में कृषि क्षेत्र में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान किया अपने छात्रों को बताया कि कृषि के क्षेत्र में आपका स्वर्णिम भविष्य एवं उत्तम होगा भविष्य में कृषि के कार्यों में आपकी महती भूमिका होगी और आप एग्रीकल्चर के सुधार एवं समृद्ध करने में कारगर साबित होगी आपने प्राकृतिक खेती जैविक खेती, जैव विविधता, नरवाई प्रबंधन एवं रबी मौसम की प्रमुख फसलों जैसे गेहूं,चना सूरजमुखी एवं अन्य क्रॉप के विषय में विभिन्न टिप्स दिया , इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल द्वारा छात्रों को नरवाई प्रबंधन के विषय में , मृदा स्वास्थ्य एवं जैविक खेती, प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, जल संग्रहण, रबी की फसलों में नवीनतम कृषि यंत्रों का उपयोग एवं जैव उर्वरकों का मृदा स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की

इंजीनियर कुमार सोनी द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के कारगर उपाय विषय पर महत्वपूर्ण उद्बोधन एवं जानकारी दी, डॉ जी के राणा ने छात्राओं को फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन विषय की जानकारी प्रदान की गई।

### 19 को जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**सिवनी,** /कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ₹युवा संगम₹ कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला दिनांक 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई, कुरई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

## ग्राम पंचायत के विकास के लिए अच्छा काम करें और शासन की राशि का सही उपयोग करें : पटेल

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल का कनकी में किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का 17 नवम्बर को बालाघाट आगमन हुआ। मंत्री श्री पटेल के ग्राम कनकी पहुंचने पर सरपंच संघ द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत सदस्य डूलेंद्र ठाकरे, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष वैभव बिसेन, ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार एवं सरपंच संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस अवसर पर सरपंच संघ के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के सरपंचो को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए अच्छा काम करें और शासन की राशि का सही उपयोग करें। सरपंच पंच मिलकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए अच्छा काम करेंगे तो आने वाली पीढ़ी उन्हें लम्बे समय तक याद रखेगी। ग्राम में पेयजल, स्वच्छता, बिजली आदि की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतें तत्परता के साथ काम करें।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी और मटेरियल में समन्वय बनाकर काम करना होता है, इस कारण से इसमें बड़े काम न लें। पंचायत के पास उपलब्ध टाईड एवं अनटाईड फंड का गांव के छोटी मोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपयोग करें। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं का विकास एवं विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी जरूरी सेवाओ पर शुल्क देने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार की गई नलजल योजनाओं को 03 साल तक के विभाग द्वारा ही संचालित किया जाना है, उसके बाद यह योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हो जाती है। अतः ग्रामीणों को जल कर देने के लिए तैयार रखे, जिससे नलजल योजना का सुव्यवस्थित संचालन हो सकेगा।

# ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाली गैंग के चार सदस्यों सहित पांच गिरफ्तार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में चांगोटोला पुलिस ने ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों और एक खरीददार सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 140 लीटर चोरी का ट्रांसफार्मर ऑयल और चोरी में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत 2 लाख 42 हजार रुपए बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में सुकचरण उर्फ योगेश कुसरे (20), तूफानसिंह उईके (18), विजय परते (19), सुरेन्द्र उईके (23) और खरीददार रविन्द्र उर्फ पिंकू साहू (30) शामिल हैं।

चांगोटोला थाना प्रभारी शशांक राणा ने बताया कि 15-16 नवंबर की रात अरनामेटा गांव स्थित मोक्षधाम में लगे ट्रांसफार्मर से 110 लीटर ऑयल चोरी हो गया था। इस संबंध में आरडीएसएस परियोजना के फील्ड इंजीनियर ढालसिंह बिसेन ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद चोरी और भारतीय विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने योगेश, तूफान, विजय और सुरेन्द्र को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी का ऑयल शराब खरीदने के लिए करते थे और इसे थाना क्षेत्र के बसेगांव निवासी रविन्द्र उर्फ पिंकू साहू को बेचते थे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि आठ दिन पहले महु से चोरी किया गया ट्रांसफार्मर ऑयल भी उन्होंने रविन्द्र को बेचा था।

आरोपियों के बयान और निशानदेही पर पुलिस ने खरीददार रविन्द्र उर्फ पिंकू साहू को भी गिरफ्तार कर लिया।

## चाचा नेहरू एवं बिरसा मुंडा की धूमधाम से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज बिरसा ।



बिरसा अंतर्गत ग्राम गर्राटोला में गुड शेफर्ड संस्था द्वारा 15 नवंबर को हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस पर लगभग 285 बालक बालिकाओं के साथ बड़े धूमधाम से रैली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया । इसी क्रम में बिरसा मुंडा जी के जयंती को याद कर आदिवासी बच्चों को जानकारी दी गई अतिथियों द्वारा बारी-बारी से चाचा नेहरू जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया वे बच्चों से अत्यधिक प्यार करते थे वही प्यार आज देश के बच्चों को याद कर कराया जाता है साथ ही बच्चों के अधिकार पर विचार व्यक्त किया गया हर बच्चों को शिक्षा का अधिकार समझाया गया और आज के बच्चे कल का भविष्य है इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना बिरसा से उप निरीक्षक शिवदयाल जी परते, आरक्षक मुकेश धुर्वे रहे इसी के साथ मोंटफोर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल गराटोला से वाइस प्रिंसिपल ब्रदर्स मारिया पॉल, संस्था प्रमुख सिस्टर रेचल, सिस्टर सरिता जी, सिस्टर राजकुमारी, कोऑपरेटिव अध्यक्ष मालती सैयाम, सिस्टर कैथरीन, स्टाफ मानाराम तेकाम, रेवा सिंह मरकाम, एवं समस्त गण उपस्थित रहे।

## समान कार्य, समान वेतन की मांग, रसोइयों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को स्वसहायता समूह की रसोइयों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा, जिसमें समान कार्य-समान वेतन सहित कई प्रमुख मांगें रखी गईं।

इस प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार मोहारे, कर्मचारी संघ के संरक्षक के.जी. बिसेन और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रदर्शन से पहले काली पुतली चौक स्थित चौपाटी पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद रैली निकाली गई।

ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ ने सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए 'समान कार्य-समान वेतन' लागू करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, मिड-डे मील से जुड़ी रसोइयों का मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने की भी मांग की गई।

संघ ने मिड-डे मील योजना में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर स्कूलों में ही योजना के संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। अखिल भारतीय स्व-सहायता समूह संगठन से जुड़ी महिलाओं ने मिड-डे मील में भोजन पकाते समय होने वाली दुर्घटनाओं में निशुल्क इलाज, मुआवजे, ईपीएफ पेंशन सुविधा और पूरे वर्ष का मानदेय देने की भी मांग की।

भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार मोहारे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 'समान कार्य-समान वेतन' के आदेश के बावजूद, इसका पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से इस आदेश का पालन करने का आग्रह किया।

### जॉब के लिए पुणे जा रहे युवाओ से कलेक्टर ने की चर्चा

**बालाघाट।** बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से जिले के युवाओ को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए विशेष मुहिम चलायी जा रही है। इसके अंतर्गत युवाओ का दल जॉब के लिए पुणे रवाना हो रहा है। इन युवाओ का चयन पुणे स्थित टाटा मोटर्स में किया गया है। इन युवाओ को लेटेस्ट गाड़ियों के निर्माण के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 17 नवम्बर को इन युवाओ से मुलाकात कर जॉब के संबंध में चर्चा की।

## कलेक्टर ने ली उपार्जन समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 17 नवंबर कों कलेक्टर सभाकक्ष में उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में खाद्य विभाग प्रमुख व सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि 180 धान खरीदी केंद्रों में से 120 केंद्र बना लिए गए है जिस पर कलेक्टर श्री मीना ने इन केंद्रों पर सतत निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने सभी समितियों से कहा कि वे बारदाना चेक कर ले ताकि भविष्य में किसानों कों धान खरीदी के समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## चिंगारी से स्वाहा हो गई 17 एकड़ की फसल, 3 किसानों ने खेत में काटकर रखी थी उपज, साजिश का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लांजी वनांचल क्षेत्र की कंसुली पंचायत के ग्राम धारमारा में तीन किसानों की लगभग 17 एकड़ फसल में आग लग गई। इस घटना से किसानों को नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन कुछ लोग इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बता रहे हैं।

आग से प्रभावित किसानों में धारमारा निवासी भिखारी पिता तीजलाल खरे की 9 एकड़, मंगल पिता रामू देवाहे की 2 एकड़ और पुसऊ महारिया की 6 एकड़ फसल शामिल है। बताया गया है कि तीनों किसानों की फसलें एक ही स्थान पर रखी हुई थीं, जो आग की भेंट चढ़ गईं।

खेत में आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों ने किसानों को फोन पर सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई, लेकिन दमकल वाहन के पहुंचने से पहले ही किसानों की फसलें जलकर नष्ट हो चुकी थीं। हालांकि, धान की खारी में लगी आग पर बाद में फायर वाहन की मदद से काबू पा लिया गया।

क्षेत्र के किसान अक्टूबर के अंत में हुई बारिश से पहले ही फसल खराब होने से परेशान थे। बारिश थमने के बाद किसानों ने अपने खेतों में कटाई शुरू की थी और फसलों को काटकर खेतों में ही रखा जा रहा था। इसी बीच हुई इस आगजनी की घटना ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है।

कंसुली पंचायत के सरपंच लीलाराम मानकर ने बताया कि फसल जल जाने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की है।

## जनपद पंचायत बिरसा में कृषि विभाग द्वारा किसानों को स्प्रे पंप और बीजोपचार दवाई का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कृषि विभाग बिरसा के द्वारा आज दिनांक 17 नवंबर 2025 को जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत आने वाले ग्राम निक्कुम, बांसिनखार, कटंगी, भीमा, भीमलाट, बिसतवाही, सलघट के कृषक साथियों को जनपद पंचायत बिरसा अध्यक्ष सविता धुर्वे, उपाध्यक्ष हेमंत साहू,जनपद सदस्य लक्ष्मीकांत धुर्वे, कृषि विभाग से एईओ ललित टेकाम, आईओ खिलेश्वरी धुर्वे द्वारा राई प्रदर्शन के तहत तहत स्प्रे पंप, बीजोपचार की दवाई, जिंक, बोरान, माइक्रोन्यूट, नीम ऑईल, कीटनाशक फिप्रोनिल, ट्राईकोडर्मा आदि का वितरण किया गया। कृषि सखियों के द्वारा जैविक खेती के बारे में सभी से विस्तृत चर्चा की गई।उन्होंने जीवामृत खाद के बारे में,बनाने की विधि सहित सभी किसानों की बारीकी से बताया,साथ ही इसके उपयोग के फायदों के बारे में भी अवगत कराया गया।इसी प्रकार कीटनाशक के रूप में नीमअस्त्र और अग्निअस्त्र के बारे में भी बताया गया।

### चिचोली सरपंच ने किया प्रेरणादायक कार्य बच्चों को किए निशुल्क गणवेश वितरण

## निशुल्क गणवेश पा कर आंगनवाड़ी के बच्चों के खिल उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम चिचोली के सरपंच व समाजसेवी कौशल नाथ तुरकर के द्वारा 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर ग्राम के आंगनवाडी केंद्र क्रमांक एक और दो के अध्ययनरत नौनिहाल बच्चो को निशुल्क गणवेश वितरण किया गया। बच्चो ने गणवेश पा कर बहुत खुशी महसूस की। साथ ही इस अवसर पर समाजसेवी कौशल नाथ तुरकर ने अपने नाथी ओम बिसेन का जन्म दिवस भी मनाया। इस दौरान ग्राम के 65 नौनिहाल बच्चो को उपहार के रूप में मिष्ठान व निशुल्क गणवेश भेंट किया । इस दरमियान गणवेश पा कर नौनिहाल बच्चो के चेहरे खिल उठे और खुशी से झूम उठे। यह सराहनीय व प्रेरणादायक कार्य लगातार तीन वर्षो से उनके द्वार किया जा रहा है। समाजसेवी व ग्राम सरपंच कौशल नाथ तुरकर ने बताया की गांव के सभी बच्चो को शिक्षा के प्रति प्रेरित व प्रोत्साहित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, शिक्षा व पढ़ाई लिखाई के प्रति बच्चो में लगन और रूची विकसित हो । इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सामाजिक कार्यो में योगदान के लिए हम संकल्पित है। इस अवसर पर सरपंच व समाजसेवी कौशल नाथ तुरकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रांगहडाले, आंगनवाडी सुपरवाइजर गीता मेश्राम, धनेन्द्र बिसेन, रामु हटेवार, छबिलाल बिसेन, आंगनवाड़ कार्यकर्ता लिला उके, श्यामकला बिसेन सहित ग्रामवासियी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



17 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, श्री श्रीश प्यासी, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए किसानों के पंजीयन की समीक्षा की गई और उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानो का पंजीयन कराए। प्राकृतिक खेती एवं जैविक खाद से तैयार कृषि उत्पादों के विक्रय के लिए जिला स्तर पर काउंटर खोलने के निर्देश दिये गए। बैठक में आगामी रबी सीजन के लिए उर्वरक का पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने के निर्देश दिये गए, जिससे किसानों कों रबी फसलों के लिए उर्वरक की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कों केले, करेला व अन्य प्रकार के फलों, सब्जियों व फूलों की खेती के लिए कलेस्टर बनाने के निर्देश दिए। जिससे किसानों का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट के मुख्य नगरपालिका अधिकारी कों सख्त निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में जितने भी आवारा मवेशी घूम रहे है उन्हें तुरंत वहां से हटाएँ और आवारा पशुओं के मालिको पर भी कार्यवाही करें। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया, ताकि आम नागरिकों कों किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए। जिले के सभी नगरीय निकायों को आवारा पशुओं को पकड़ने के निर्देश दिये गए।

### विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर का 19 नवम्बर को बालाघाट आगमन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर का 19 नवम्बर को बालाघाट आगमन हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 18 नवम्बर को रात्रि 07 बजे राजधानी एक्सप्रेस से भोपाल से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे और 19 नवम्बर को प्रातः 07:05 बजे गोंदिया पहुंचेंगे। श्री तोमर प्रातः 08 बजे गोंदिया से सर्किट हाउस बालाघाट पहुंचेंगे और प्रातः11 बजे सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रजत जयंती समारोह एवं द्वितीय दिक्षा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री तोमर दोपहर 01 बज से 02:30 बजे तक अन्य स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और अपरान्ह 03 बजे स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री तोमर अपरान्ह 03:45 बजे बालाघाट से नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां से रात्रि 08 बजे राजधानी एक्सप्रेस से झांसी के लिए रवाना होंगे तथा वहां से ग्वालियर के लिए रवाना होंगे।